JALAUN POLICE

दिनांक- 12.06.2026

अपर पुलिस महानिदेशक महोदया, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व साइबर क्राईम थाना जालौन द्वारा ग्राम रगौली कोतवाली उरई में आमजनमानस को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

अवगत कराना है कि आज दिनांक 12.06.2026 को साइबर क्राईम थाना जालौन द्वारा ग्राम रगौली कोतवाली उरई में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजनमानस को बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान सभी को इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के सम्बन्ध में व्यवहारिक एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी।

कार्यक्रम के दौरान आमजनमानस को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर अपराधी सोशल मीडिया, गेमिंग एप्लीकेशन, फर्जी लिंक एवं ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा भेजे गये लिंक, मैसेज, ओटीपी अथवा फाइल को बिना सत्यापन खोले जाने से मोबाइल फोन एवं निजी डाटा हैक हो सकता है, इसके लिये विश्वसनीय एवं आधिकारिक प्लेटफॉर्म से ही एप्लीकेशन डाउनलोड करनी चाहिए। ग्रामवासियों को बताया गया कि सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत फोटो, मोबाइल नम्बर, पता, बैंक सम्बन्धी जानकारी एवं अन्य निजी सूचनाएँ साझा करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। इंटरनेट का सकारात्मक एवं सुरक्षित उपयोग करने, साइबर बुलिंग से बचने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि की जानकारी तत्काल अभिभावकों अथवा पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया।

**-: ऑनलाइन / साइबर फ्रॉड हेतु:-**

**टोलफ्री नम्बर 1930/112**